Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

1st January, 2023

Update on MPPSC Examinations

पीएससी • 2019: ढाई हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों के लिए अलग से होनी है मेन्स, चयन सूची में आ चुके छात्रों को छूट

नया विज्ञापन तो जारी हुआ, लेकिन 2019 से 21 तक के 1100 पदों पर नियुक्ति अधर में, 2020 में हुई थी परीक्षा

भास्कर संवाददाता | इंदौर

एमपी पीएससी ने राज्य सेवा परीक्षा 2022 का विज्ञापन तो जारी कर दिया लेकिन अभी भी 2019 से 2021 तक के तीन सालों के 1100 से ज्यादा पदों की नियुक्तियां अधर में हैं। राज्य सेवा परीक्षा 2019 की प्री-एग्जाम 12 जनवरी 2020 को हुई थी, जिसके तीन साल पूरे हो रहे हैं। हालांकि 2023 में भी नियुक्तियां हो पाएंगी या नहीं, यह बड़ा सवाल है। क्योंकि हाई कोर्ट जबलपुर के आदेश के बाद पीएससी को अब नई मेरिट सूची में जुड़े ढाई हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों की मेन्स परीक्षा अलग से आयोजित करना है। हालांकि पहले मेन्स देकर चयन सूची में आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा नहीं देना होगी। इंटरव्यू के लिए चयनित अभ्यर्थियों की फाइनल सूची जारी होगी। कोर्ट ने विवि को छह माह में परीक्षा करवाने का कहा है और पहले एग्जाम दे चुके अभ्यर्थियों को छूट दी है। पीएससी अगर फरवरी-मार्च में मेन्स करता है तो रिजल्ट आने और चयन सूची में महीनाभर लगेगा। इसके बाद इंटरव्यू होंगे। पीएससी ने इसका शेडयूल जनवरी का जारी किया था, लेकिन आवेदन प्रक्रिया ही शुरू नहीं हो पाई है। इसलिए जनवरी में परीक्षा संभव नहीं है।

2020 : मुख्य परीक्षा हुई, रिजल्ट अटका

राज्य सेवा परीक्षा-2020 के 260 पदों के लिए इसी साल 24 से 29 अप्रैल के बीच मुख्य परीक्षा हो चुकी है। 8 माह से 7300 परीक्षार्थियों को रिजल्ट का इंतजार है।

2021 : प्री का रिजल्ट आ चुका, मेन्स का इंतजार

283 पदों के लिए राज्य सेवा परीक्षा-2021 की प्रारंभिक परीक्षा 19 जून को हुई थी। इसका रिजल्ट भी आ चुका। पुराने शेड्यूल के अनुसार मुख्य परीक्षा 24 से 29 नवंबर तक होना थी, लेकिन अब अगले साल मई में संभावित है। पीएससी के कुछ दिन पहले जारी शेड्यूल के अनुसार यह परीक्षा 16 से 21 मार्च तक होगी। 2021 की वन सेवा मुख्य परीक्षा 16 अप्रैल को प्रस्तावित है।

साढ़े तीन साल पहले हुई थी नियुक्तियां- पीएससी ने राज्य सेवा परीक्षा 2018 की आखिरी बार नियुक्ति 2019 में की थी। साढ़े 3 साल बाद भी नियुक्तियां खटाई में हैं। तब डिप्टी रजिस्ट्रार के 27, डीएसपी 10, जेल अधीक्षक 2, आबकारी अधिकारी 2, वाणिज्यिक कर अधिकारी 5, नायब तहसीलदार के 77 सहित 286 के नाम चयन सूची में शामिल थे। पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित 12 पद योग्य आवेदक न मिलने से रिक्त रहे।

Regards,

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)